**To Complete the Construction Work of NCC Academy**

***14/15/382 SHRI HARVINDER KALYAN, M.L.A :** Will the Deputy Chief Minister be pleased to state :

a) whether it is a fact that on the request of Higher Education Department the construction work of NCC academy in Gharaunda Assembly Constituency (Karnal) was started;
b) whether it is also a fact that the work of construction is not going on at present; and
c) if so, the reasons therefor together with the time by which the construction of the above said NCC Academy is likely to be restarted/completed?

**SH. DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA**

a) Yes, Sir.
b) Yes, presently the work has been stopped by the contractual agency since January, 2022.
c) At present, no time frame can be given as the matter is sub-judice.

# NOTE FOR PAD

The work for construction of NCC Academy, Gharaunda was approved administratively amounting to Rs.5694.00 lacs vide Principal Secretary to Govt. Haryana Education department memo No. 4/40-2014 Works (2) dated 26.04.2017. The work was allotted to M/s Garg & Co. on 7.2.2018 with an agreement amount of Rs. 1792.00 lacs in which Girls Hostel, Boys Hostel, Mess Block, Admn/Guest House, Amenities block, Boundary wall, Road/parking & Elect. Works were included. The date of start of the work is 07.02.2018 and schedule date of completion was 06.02.2020. The building work could not be completed within the agreement amount due to increase in scope of work. The agency has completed the work upto agreement amount and further the work is stopped. Over all 55% work (amounting to Rs. 4291.37 lacs) has been completed. As the scope of work has increased substantially, further work is held up since January 2022 for want of revised administrative approval. The revised estimate amounting to Rs. 86.00 Cr. stands submitted to client department vide Engineer-In-Chief (Buildings) Haryana PWD B&R Letter no. 118005/W1 dated 12.07.2021.

## Reasons for increase in revised estimates is as below: -

After the allotment of work, it was decided by the Gram Panchayat and Administration, that a 40 feet wide Rasta is required to be provided between the proposed building and existing Govt. College. Accordingly, boundary wall was required to be shifted (In earlier proposal common boundary wall of Govt. College was there). In addition to this, some changes in the existing proposed land were also desired by village Panchayat in the presence of SDM Gharaunda, to take care of balance unutilized land for future purpose. So the layout of the building changed.

The land proposed for the building was shifted/changed and the proposed new site was low lying and most of the stretches of the land were 15-30 feet deep with respect to the existing road level. Therefore, RCC retaining wall was proposed to be constructed. There was a provision of 1080 mtr long brick boundary wall in the original estimate and the cost was Rs.58.00 Lac in approved rough cost estimate. But due to the change in layout, the total length of boundary wall increased to 1505m. Out of 1505m length, length of brick wall is approximately 500m and the length of RCC boundary wall with buttresses is 1005m. The cost of RCC boundary wall is approximately Rs.21.26 Cr.

Further work is stopped, as the agency has raised some disputes and also filed a Civil Writ Petition No. 6347 of 2022 and 6348 of 2022, CWP 8610 of 2022 in the Hon'ble Punjab & Haryana High Court. The Hon'ble Court has directed both the parties to mutually resolve the dispute under the Chairmanship of ACS PWD, and the reconciliation meetings were held.

Hon'ble Punjab & Haryana High court vide order dated 25.8.2022 has ordered that in terms of the undertaking given by ACS PWD B&R before the court on 27.4.2022, the authorities shall keep in abeyance any proposed coercive action against the petitioner. Work will be restarted after the decision of the Hon'ble Punjab & Haryana High court. The next date of hearing has been fixed for 24.05.2023. Moreover, agency has also filed arbitration case, the proceedings of same are in progress and next date of hearing is 01.04.2023.

Further, the Government has approved that the agreements of this agency be closed where work more than agreement amount has been executed, during the month of Jan 2023 and the same has been communicated to S.E. PWD(B&R) vide E- in-C letter 18713-718 dated 7.2.2023 .

The matter being sub-judice, the decision regarding the balance work will be taken after finalization of matter.

Hon'ble Chief Minister Haryana has desired to take up the matter of revised administrative approval in the next meeting of Sub Committee of Cabinet.

**The present status of work is as follows: -**

| **Sr. No** | **Name of Block** | **Storey** | **Present status of work** |
|---|---|---|---|
| 1 | Boys Hostel | G+3 | Ground floor, first floor and Second floor completed. Third floor slab 90% completed. 90%plaster completed at ground Floor and 50% plaster completed at first floor. |
| 2. | Girls Hostel | G+3 | Structure completed and Brick work completed. Ground Floor & First Floor Plaster work 90% completed. Second floor plaster work 70% completed |
| 3. | Mess Block | Ground floor | Ground floor slab completed, except double height slab. |
| 4. | Amenities Block | Ground +1 | Foundation work is in progress and 85% footing completed |
| 5. | Admin/ Guest House | G+2 | Yet to be started |
| 6. | Boundary wall | | 90% work completed |
| 7. | Road and Parking | | Yet to be started. |

## एन.सी.सी. अकादमी के निर्माण कार्य को पूरा करना

14/15/382 श्री हरविंदर कल्याण, (घरौंडा): क्या उप-मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि घरौंडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (करनाल) में एन.सी.सी. अकादमी का निर्माण कार्य उच्च शिक्षा विभाग के अनुरोध पर आरम्भ किया गया था;

(ख) क्या यह तथ्य है कि है कि वर्तमान में निर्माण कार्य नहीं चल रहा है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त एन.सी.सी. अकादमी के निर्माण कार्य के कब तक पुन: आरम्भ /पूरा किया जाने के संभावना है?

**श्री दुष्यंत चौटाला, उपमुख्यमंत्री, हरियाणा**

(क) हाँ जी श्रीमान।

(ख) हाँ जी श्रीमान, वर्तमान में संविदा एजेंसी द्वारा जनवरी, 2022 से कार्य बंद कर दिया गया है।

(ग) वर्तमान में, कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

पैड के लिए नोट

एन.सी.सी. अकादमी, घरौंडा के निर्माण के लिए प्रशासनिक रूप से 5694.00 लाख रुपये की राशि के कार्य को प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग के ज्ञाप संख्या 4/40-2014 कार्य (2) दिनांक 26.04.2017 द्वारा अनुमोदित किया गया था। यह कार्य मैसर्स गर्ग एंड कंपनी को दिनांक 7.2.2018 को रु. 1792.00 लाख द्वारा आवंटित किया गया था जिसमें गर्ल्स हॉस्टल, बॉयज हॉस्टल, मेस ब्लॉक, एडमिन / गेस्ट हाउस, सुविधाएं ब्लॉक, चारदीवारी, रोड / पार्किंग और बिजली कार्य शामिल थे। कार्य प्रारंभ होने की तिथि 07.02.2018 तथा पूर्ण होने की निर्धारित तिथि 06.02.2020 है। कार्य का दायरा बढ़ने के कारण अनुबंध राशि के भीतर भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। एजेंसी ने अनुबंध राशि तक काम पूरा कर लिया है और आगे काम बंद कर दिया गया है। अभी तक 55% कार्य (4291.37 लाख रुपये की राशि) पूरा हो चुका है। चूंकि कार्य का दायरा काफी बढ़ गया है, संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में आगे का कार्य जनवरी 2022 से रुका हुआ है। 86.00 करोड़ रुपये का संशोधित अनुमान प्रमुख अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग भवन व मार्ग शाखा पत्र क्रमांक 118005/W1 दिनांक 12.07.2021 को सम्बन्धित उच्चतर शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है।
**संशोधित अनुमानों में वृद्धि के कारण नीचे दिए गए हैं:-**

कार्य आवंटन के उपरान्त ग्राम पंचायत एवं प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित भवन एवं वर्तमान कॉलेज भवन के मध्य 40 फुट चौड़ा रास्ता उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। तदनुसार, चारदीवारी को स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी (पहले के प्रस्ताव में सरकारी कॉलेज की साँझी चारदीवारी थी)। इसके अतिरिक्त, भविष्य के उद्देश्य के लिए शेष अप्रयुक्त भूमि की देखभाल के लिए, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) घरौंडा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा मौजूदा प्रस्तावित भूमि में कुछ बदलाव भी वांछित थे। इसलिए भवन का नक्शा बदल गया।

भवन के लिए प्रस्तावित भूमि को स्थानांतरित/बदल दिया गया था और प्रस्तावित नई साइट नीची थी और भूमि का अधिकांश हिस्सा मौजूदा सड़क स्तर से 15-30 फीट गहरा था। इसलिए आर सी सी रिटेनिंग वॉल का निर्माण प्रस्तावित किया था। मूल प्राक्कलन में 1080 मीटर लम्बी ईटों की चारदीवारी का प्रावधान था तथा स्वीकृत कच्चे लागत प्राक्कलन में लागत रू 58.00 लाख थी। लेकिन लेआउट में बदलाव के कारण चारदीवारी की कुल लंबाई बढ़कर 1505 मीटर हो गई। 1505 मीटर लंबाई में से, ईंट की दीवार की लंबाई लगभग 500 मीटर है और बट्रेस के साथ आर सी सी की चारदीवारी की लंबाई 1005 मीटर है। आरसीसी चारदीवारी की लागत लगभग 21.26 करोड़ रुपये है।

आगे का काम रोक दिया गया है, क्योंकि एजेंसी ने कुछ विवाद उठाए हैं और माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में 2022 की सिविल रिट याचिका संख्या 6347, 2022 की सिविल रिट याचिका संख्या 6348, और 2022 की सिविल रिट

याचिका संख्या 8610 भी दायर की है। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों को अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने का निर्देश दिया है, और सुलह बैठकें आयोजित की गईं।

माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने दिनांक 25.8.2022 के आदेश द्वारा आदेश दिया है कि 27.4.2022 को अदालत के समक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए वचन के अनुसार, अधिकारी याचिकाकर्ता के खिलाफ किसी भी प्रस्तावित बलपूर्वक कार्रवाई को स्थगित रखेंगे। माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद काम फिर से शुरू किया जाएगा। सुनवाई की अगली तिथि 24.05.2023 निर्धारित की गई है। इसके अलावा, एजेंसी ने मध्यस्थता का मामला भी दायर किया है, जिसकी कार्यवाही जारी है और सुनवाई की अगली तारीख 01.04.2023 है।

आगे, सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है कि माह जनवरी 2023 में जहां अनुबंध राशि से अधिक का कार्य किया गया है, वहां इस एजेंसी के अनुबंधों को बंद कर दिया जाए तथा इसकी सूचना अधीक्षण अभियंता को प्रमुख अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग भवन व मार्ग शाखा के पत्र संख्या 18713-718 दिनांक 7.2.2023 द्वारा दे दी गयी है |

मामला विचाराधीन होने के कारण शेष कार्य के संबंध में निर्णय मामले को अंतिम रूप देने के बाद लिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति के मामले को उप समिति की अगली बैठक में उठाने की इच्छा व्यक्त की है।

**कार्य की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:-**

| **क्रमांक** | **ब्लॉक का नाम** | **स्टोरी** | **कार्य की वर्तमान स्थिति** |
|---|---|---|---|
| 1 | लडको का हॉस्टल | G+3 | भूतल, प्रथम तल और दूसरा तल का काम पूरा हो गया है। तीसरी मंजिल का स्लैब 90 फीसदी पूरा हो चुका है। ग्राउंड फ्लोर पर 90 फीसदी और फर्स्ट फ्लोर पर 50 फीसदी प्लास्टर का काम पूरा हो चुका है। |
| 2. | लडकियों का हॉस्टल | G+3 | स्ट्रक्चर पूरा हुआ और ईंट का काम पूरा हुआ। भूतल और प्रथम तल के प्लास्टर का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। दूसरी मंजिल के प्लास्टर का काम 70 फीसदी पूरा हो चुका है |
| 3. | मेस ब्लॉक | भूतल | भूतल स्लैब पूरा हो गया है, डबल हाइट स्लैब को छोड़कर। |
| 4. | सुविधाएं ब्लॉक | भूतल +1 | नींव का काम प्रगति पर है और 85% फुटिंग पूरी हो चुकी है। |
| 5. | व्यवस्थापक / गेस्ट हाउस | G+2 | अभी शुरू किया जाना है। |
| 6. | चारदीवारी | | 90% काम पूरा हो गया है। |
| 7. | सड़क और पार्किंग | | अभी शुरू किया जाना है। |